तापमान
अधिकतम 46.6 डिग्री
न्यूनतम 26.1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 12 जून, 2025

12 तंदवाल में मिनी बस को रोक ग्रामीणों ने जताया विरोध



12 फिट रहने के लिए योग को करें जीवन में शामिल



## खबर संक्षेप

### ससुराल में पिटाई के बाद की युवक ने आत्महत्या

**करनाल।** ससुराल में पिटाई से परेशान युवक ने सुसाइड कर लिया। वह अपने दोनों बच्चों से मिलने के लिए ससुराल पहुंचा था। वहां ससुरालवालों ने उसे पीटकर भगा दिया। मंगलवार रात घर आकर उसने घर के सामने पेड़ पर फांसी लगा ली। युवक का आरोप है कि भाई ने लव मैरिज की थी। फिर भी उसकी पत्नी का किसी दूसरे युवक से अफेयर है। वह उसी के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही है। वहीं, पत्नी ने पति पर प्रताडऩा के आरोप लगाए हैं और खुद को पीड़ित बताया है। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया है और पूरे मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों ने आरोपी बॉयफ्रेंड और पत्नी पर कार्रवाई की मांग की है।

### डी. फार्मेसी की परीक्षाएं 16 जून से होंगी आरंभ

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड के अधीन होने वाली डी फार्मेसी (डिप्लोमा इन फार्मेसी) की परीक्षाएं 16 जून से आरंभ होकर 25 जून तक चलेंगी। प्रदेशभर के सरकारी संस्थाओं के साथ निजी संस्थाओं के विद्यार्थी भी इन परीक्षाओं में शामिल होंगे। समस्त प्रदेश भर में 82 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें कुरुक्षेत्र जिले में इन परीक्षाओं को लेकर 4 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सरकारी पॉलीटेक्निक उमरी में जहां सरकारी पॉलिटेक्निक गांव उमरी में डॉ बी. आर. अंबेडकर इंस्टीट्यूट आफ फामेर्सी मथाना संस्थान के विद्यार्थी, ज्ञान गंगा पॉलिटेक्निक सलपानी खुर्द संस्थान, पॉलिटेक्निकल शिक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र किरमिच में एस के एस इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी संस्थान के विद्यार्थी, भारत इंस्टीट्यूट आफ फामेर्सी रुरकी में भारत इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी के विद्यार्थी भी शामिल होंगे।

### क्रिप्टो खरीद की ठगी मामले में पांच पकड़े

**पानीपत।** थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने डाहर गांव निवासी युवक से 100 क्रिप्टो यूएसडीटी खरीदने का झांसा देकर 11,995 क्रिप्टो यूएसडीटी ठगने वाले वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के पांच आरोपियों जीन्द के भम्भेवा गांव निवासी आरोपी मंदीप, आजादगढ़ कॉलोनी रोहतक निवासी संदीप उर्फ टोनी, गांव ढीगाना जिला जीन्द हाल राजीव कॉलोनी रोहतक निवासी पवन, सोनीपत के खानपुर गांव निवासी सावन व गामड़ी गांव निवासी दीपांशु को गिरफ्तार किया है। थाना साइबर क्राइम प्रभारी अजय ने बताया कि कोर्ट ने जहां सावन व दीपांशु को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया, वहीं आरोपी मंदीप, संदीप उर्फ टोनी व पवन को पुलिस ने तीन दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से ठगी गई क्रिप्टो यूएसडीटी बरामद करने का प्रयास करेंगी।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने 11 साल में मोदी सरकार की उपलब्धियों का किया जिक्र

# पीएम मोदी की 100 प्रतिशत संकल्प से सिद्धि की सरकार : कृष्णपाल गुर्जर

## देश के लोग भारत को विकसित बनाने के लिए तैयार

- यह कालखंड भारत के विकास के लिए मजबूत नींव रखेगा : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** मीडिया से बातचीत करते केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर।

केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि मोदी की सरकार 100 प्रतिशत संकल्प से सिद्धि की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर उन्नति के पथ की ओर अग्रसर हो रहा है। उनके नेतृत्व में जो योजनाएं क्रियान्वित की गई है उन्हें धरातल पर लागू करने का काम किया गया हैं।

राज्यमंत्री बुधवार को अंबाला शहर के बीजेपी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। राज्यमंत्री का यहां पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, मेयर शैलजा सचदेवा, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, प्रदेश प्रवक्ता डॉ संजय शर्मा, रितेश गोयल, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता व अन्य ने अभिनंदन किया। गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत को मजबूत, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किए गए हैं।

देश के 140 करोड़ भारतीय लोग नरेंद्र मोदी के साथ विश्वास जताते हुए भारत को विकसित बनाने के लिए तैयार है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास व सबका प्रयास मूल मंत्र के साथ भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है वह साकार होगा। उन्होंने बताया कि पिछले 11 सालों में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। देश का ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जो विकास से अछूता रहा हो। तेजी से भारत आगे बढ़ रहा हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में निरन्तरता में जो कार्य किए जा रहें है, उसे स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा तथा मोदी सरकार का यह कालखंड भारत के विकास के लिए मजबूत नींव रखेगा। सहकारिता राज्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए सबसे पहले राष्ट्र है, यह उनकी सोच में शामिल है। उनके नेतृत्व में तकनीक से तरक्की, भाजपा सरकार में सुशासन, गरीबों का कल्याण, शासन अब सेवा तथा सरकार की सहभागिता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है तो मुमकिन हैं। विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत अब चौथे स्थान पर आ गया है। वर्ष 2026 तक भारत जर्मन को पछाड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार, घोटालों का बोलबाला था। वर्तमान सरकार ने इन पर पूरी तरह से अंकुश लगाने का काम किया है। डिजिटल प्रक्रिया ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई हैं।

किसानों को उनकी फसलों की सीधी राशि ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से उनके खातों में ट्रांसफर की जाती हैं। करीब 1500 पुराने कानूनों को बदलने का काम किया गया हैं। आतंकवाद जैसे मामलों में युद्ध जैसी कार्रवाई की गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर इसका उदाहरण है। पिछले 11 सालों में लगभग 27 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाने का काम किया गया हैं। सडक़ों व रेलवे का इंफ्रास्ट्रचर मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास अगले 50 सालों का विजन है। संकल्प से सिद्धि मूल मंत्र के साथ वह भारत को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ लोगों को आवास, 10 करोड़ महिलाओं को एलपीजी गैस सिलेंडर, 12 करोड़ शौचालयों की व्यवस्था के साथ-साथ पिछले 4 सालों में 15 करोड़ घरों में नल से जल की व्यवस्था, 55 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त ईलाज सुविधा मिली है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला महामंत्री कर्मचंद गोल्डी, पूर्व जिला प्रधान जगमोहन लाल कुमार, मनोनित निगम सदस्य एडवोकेट संदीप सचदेवा, मंडल प्रधान बलाना गुरजंट सिंह, संजीव गोयल टोनी, गुरविंद्र सिंह मानकपुर, अमन सूद, मदनलाल शर्मा, अर्पित अग्रवाल व साहिल भी मौजूद रहे।

## मोदी के नेतृत्व में तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना भारत



**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा।

- शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा ने केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर पत्रकारों को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष में देश 10वें स्थान से चौथे नंबर की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाया है। वित्त वर्ष 2024-25 में वस्तुओं और सेवाओं में 825 बिलियन डॉलर का रिकॉर्ड निर्यात दर्ज किया गया है। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) ने 1.61 लाख करोड़ निवेश, 14 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन, 5.31 लाख करोड़ रुपये का निर्यात और 11.5 लाख नौकरियां पैदा की गई हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 29.8 लाख करोड़ के आत्मनिर्भर भारत पैकेज से कोविड-19 के दौरान एमएसएमई और व्यवसायों को मदद मिली है। भारत में स्वीकृत पेटेंट की संख्या वर्ष 2014-15 में 5,978 से 17 गुना बढ़कर 2023-24 में 1,03,057 हुई है। शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे होने पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का काम किया जाएगा।

### उपलब्धियां गिनाईं

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व और शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा के मार्गदर्शन में केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। बैठक में जिस कार्यकर्ता को जो जिम्मेदारी दी जाएगी, उसका सभी पालन करेंगे और सरकार की नीतियों व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा।

## अज्ञात ने चैक चोरी कर निकाल लिए पांच लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज
- आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर की गई रकम

शहर की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी जसवंत राय ने अज्ञात व्यक्ति पर उसका चैक चोरी कर अकाउंट से पांच लाख रुपये निकालने का आरोप लगाया है।

यह पैसे आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर किए गए हैं। आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति ने बैंक के अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके पैसे हड़पे हैं। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जसवंत राय ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका शहर के प्यारा चौक स्थित यूको बैंक में अकाउंट है।

### बैंक के कर्मचारियों पर मिलीभगत का आरोप

अज्ञात व्यक्ति ने वहां से उसका चैक चोरी करके रेलवे रोड स्थित एक अन्य बैंक के कर्मचारियों के साथ मिलीभगत करके पांच लाख रुपये की आरटीजीएस करवा ली। जब उसे इस बात का पता चला तो उसने बैंक कर्मचारियों व अधिकारियों से बात की। मगर उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

## प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की

- दोनों मृतक करनाल जिले के निवासी बताए गए

**पानीपत।** पानीपत रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर बुधवार की सुबह करीब सात बजे एक युवक ने नाबालिग लड़की के साथ दिल्ली से अंबाला जा रही वंदे भारत ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। वहीं, लोको पायलट कुछ समझ पाता दोनों के शरीर के वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से परखच्चे उड गए।

इधर, जीआरपी की जांच में पता चला कि दोनों करनाल के एक क्षेत्र के निवासी थे और दोनों के बीच कथित रूप से प्रेम संबंध थे। दोनों अपने घरों से सोमवार की सुबह से लापता हो गए थे। लडकी के परिजनों की शिकायत पर करनाल जिला के एक थाने में लडके पर लडकी को गुमराह कर अपने साथ ले जाने के आरोप में केस दर्ज है। वहीं, करनाल पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी। दूसरी ओर, जीआरपी की जांच में यह भी पता चला कि दोनों दूर के रिश्तेदार है। मृतक की पहचान 19 साल के गौरव के रूप में हुई। जीआरपी ने दोनों की शिनाख्त कर घटना की जानकारी जहां मृतकों के परिजनों को दी, वहीं जीआरपी ने लडकी व लडके शवों के टुकडों को एकत्र किया और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों के बयान दर्ज किए और पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया। जीआरपी थाना के जांच अधिकारी सुरेंद्र ने बताया कि लडकी व लडके की मौत के मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## महिलाओं ने योग कर उठाया स्वास्थ्य लाभ

- योग से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं : सुजाता गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** शिविर में योगाभ्यास करतीं महिलाएं।

केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय करनाल की पूर्व प्रचार्या एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुजाता गुप्ता की ओर महिलाओं को स्वस्थ रखने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए उन्हें योगाभ्यास करवाया जा रहा है।

बुधवार से चार दिवसीय निशुल्क योग शिविर की शुरूआत असमी योगा एंड वेलनेस स्टूडियो मॉल रोड में की गई। योग विशेषज्ञ मोहित राणा ने योग और प्राणयाम का अभ्यास करवाया। कैंप में लगभग 50 महिलाएं हिस्सा ले रही हैं, जोकि भारत विकास परिषद माधव शाखा, संस्कृति क्लब, सीजीसी व करनाल क्लब से जुड़ी हुई हैं। योग शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में माधव शाखा की वरिष्ठ सदस्य सुचेता गुप्ता ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि असमी योग एवं वेलनेस स्टूडियो की निदेशक गरिमा गुप्ता रहीं। इस मौके पर सुजाता गुप्ता ने कहा कि योग हमारे ऋषि मुनियों की देन है। शरीर को स्वस्थ रखने का योग सर्वोत्तम साधन है। महिलाओं को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए। योग से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। तनाव से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि योग शिविर का आयोजन 14 जून तक किया जाएगा। इस अवसर पर डा. भव्या गुप्ता व सरोज चीमा विशेष रूप से मौजूद रहीं।

### मुनाफे का झांसा देकर 1.16 करोड़ रुपये ठगे

**पानीपत।** पानीपत की दीनानाथ कॉलोनी के रहने वाले मुकेश कुमार को अदिति नामक महिला ने फेसबुक और फिर वॉट्सऐप पर बातचीत कर अपने विश्वास में लिया और विभिन्न मंदों पर रूपयों लगाने पर चालीस प्रतिशत अधिक मुनाफे का लालच दिया। मुकेश, अदिति के बहकावे में आ गया और उसने तीन महीनों में 1.16 करोड रुपए से अधिक की राशि ठग ली।

वहीं जब मुकेश को लगाई रकम की एवज में कोई फायदा नहीं हुआ तो उसे अपने अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ। वहीं मुकेश की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात महिला पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुकेश कुमार ने बताया कि अदिति ने उससे पहले फेसबुक पर दोस्ती की थी।

## संगठनों ने मिलकर नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया

- सर्व कर्मचारी संघ की बैठक में नीतियों का विरोध जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



सर्व कर्मचारी संघ की जिला करनाल की विस्तारित मीटिंग नगर निगम स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान सुशील गुर्जर ने की। संचालन सचिव सेवाराम ने किया।

इस मौके पर प्रदेश महासचिव नरेश कुमार ने देश-प्रदेश के कर्मचारियों, किसानों, मजदूरों व महिलाओं के खिलाफ नीतियां बनाई जा रही हैं। अपना विरोध दर्ज करवाने के लिए सभी संगठनों ने मिलकर नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का एलान किया है। इस हड़ताल को सफल बनाने के लिए सर्व कर्मचारी संघ के प्रत्येक कार्यकर्ता ने कमर कस ली है। एसकेएस से जुड़ी सभी यूनियनों के कर्मचारी हड़ताल में शामिल होंगे। सुशील गुर्जर ने कहा कि हमेशा की तरह इस बार भी करनाल जिला में हड़ताल को सफल बनाने के लिए सभी विभागों में मीटिंग की जा रही हैं। रूपरेखा तय कर हड़ताल में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर उधम राठी, ओमप्रकाश, धीरज रावत, नरेश, रमेश, महेंद्र, अशोक व शारदा ने मीटिंग में अपने विचार रखे।

मक्की-सूरजमुखी लेकर आ रहे किसान हो रहे परेशान

# मंडी से अभी तक गेहूं का नहीं हो पाया उठान

- खाली जगह की कमी से मक्की व सूरजमुखी सुखाने में परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** मंडी में खुले में पड़ी गेहूं की बोरियां व सुखाने के लिए आई मक्की व सूरजमुखी।

गेहूं के सीजन में सरकारी एजेंसी हैफेड द्वारा खरीदे गए गेहूं को अनाज मंडी प्रांगण से न उठा पाने के चलते किसानों को मक्की व सूरजमुखी सुखाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि गत गेंहू के सीजन में सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड द्वारा अनाज मंडी से भारी मात्रा में गेंहू की खरीद की गई थी। गोदामों में जगह न होने के चलते एजेंसी द्वारा यह गेंहू अनाज मंडी प्रांगण में शैड के भीतर तथा खुले में लगा दिया गया था। गेंहू लगाने से पहले खरीद एजेंसी अधिकारियों ने यह आश्वासन दिया था कि ये गेंहू मक्की व सूरजमुखी के सीजन से पहले उठा लिया जाएगा परंतु अभी भी यहां पर भारी मात्रा में गेंहू की बोरियां पड़ी हैं जिसके चलते किसानों को अपनी मक्की व सूरजमुखी की फसल सुखाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अनाज मंडी के आढ़तियों हरपाल सिंह, रामकुमार का कहना है कि इस बारे हैफेड के उच्चाधिकारियों से कईं बार अपील की गई परंतु सड़क पर लगाई गई कुछ बोरियों को अभी तक अधिकारियों द्वारा नहीं उठवाया गया। आढ़तियों का कहना है कि मक्की व सूरजमुखी की अनाजमंडी में आवक पूरी तेजी से हो रही है। कुछ तो पहले से ही मंडी में इन फसलों को सुखाने की जगह की तंगी है उपर से यहां पर लगाई गई इस गेंहू के चलते जगह और ज्यादां तंग हो गई है ।

आढ़तियों ने खरीद एजेंसी के उच्चाधिकारियों से मंडी में पड़ी गेंहू की बोरियों को शीघ्र उठाने की अपील की है जिससे मक्की व सूरजमुखी की फसल को सुखाने में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### युवक ने शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को किया अगवा

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी से युवक शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को अगवा करके ले गया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय लड़की 10 जून को सुबह नौ बजे किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर इसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसकी लड़की का कुछ भी पता नहीं चला। जांच करने पर उन्हें मालूम हुआ की उसकी लड़की को पंजाब के जालंधर निवासी मोहित शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## विदेश भेजने का झांसा देकर 12 लाख रुपये ठगे

- पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत निवासी विकास से विदेश भेजने के नाम पर 12 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। विकास ने इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह को देकर न्याय की गुहार लगाई है।

इधर, विकास ने बताया कि गत वर्ष सितंबर में गांव अदियाना निवासी आनंद से उटला बस अड्डे पर मुलाकात हुई। आनंद ने विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आनंद के चाचा जरनैल सिंह ने वर्क परमिट के जरिए हांगकांग भेजने का वादा किया। आरोपियों ने एंबेसी फीस के नाम पर 30 हजार रुपए लेकर पासपोर्ट जमा करवा लिया। इसके बाद घरौंडा में एक व्यापारी के पास 4.30 लाख रुपए रखवाए और 1.5 लाख नगद लिए। आरोपियों ने हांगकांग की जगह थाईलैंड का वीजा दिया। वहां से हांगकांग भेजा गया, लेकिन दस्तावेज न होने के कारण कस्टम ने भारत वापस भेज दिया। फिर आरोपियों ने अजरबैजान भेजने का वादा किया और छह लाख रुपए और ले लिए। मुंबई में पाकिस्तानी एजेंट ने 2000 डॉलर और ठग लिए।

### हेरोइन समेत युवक काबू

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने शहर के चांदपुर से एक युवक विष्णु नगर निवासी साहिल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत करीब 45 हजार रुपये है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**खबर संक्षेप**

### पवन वर्मा बने स्वर्णकार एसोसिएशन के प्रधान

**रादौर** । स्वर्णकार एसोसिएशन की बैठक बुधवार को रादौर के आर्य समाज मंदिर में आयोजित की गई। इस दौरान एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए पवन वर्मा को सर्वसम्मति से एसोसिएशन का प्रधान नियुक्त किया गया। वहीं मुकेश वर्मा को उपप्रधान, शिव कुमार वर्मा को सरंक्षक, आशु वर्मा को सचिव, वीरेंद्र गर्ग को महासचिव, संदीप वर्मा को कोषाध्यक्ष, चेतन शर्मा को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया।

### तीन युवकों ने व्यक्ति से छीने 25 हजार व चैक

**यमुनानगर**। गांव रामगढ़ माजरा में तीन युवकों ने किला कॉलोनी रामगढ़ माजरा निवासी राजेश से 25 हजार रुपये व 50 हजार रुपये का चैक छीन लिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजेश ने बिलासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह नौ जून को रात आठ बजे गांव में किसी काम से जा रहा था। इस दौरान गांव तुंबी निवासी सौरव उर्फ सोड़ा, प्रदीप उर्फ पोपी तथा वीरभान उर्फ बीरू ने उसे रास्ते में रोक लिया। आरोपियों ने उसकी जेब से 25 हजार रुपये तथा 50 हजार रुपये का चैक छीन लिया।

### युवक ने घर में घुसकर नाबालिग से की छेड़छाड़

**यमुनानगर**। फरकपुर क्षेत्र के गांव में युवक ने घर में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ की। लड़की के विरोध करने पर आरोपी उसके साथ मारपीट कर और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फरकपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 जून को सुबह 10 बजे वह परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से घर से बाहर गया था। घर पर उसकी 17 वर्षीय लड़की अकेली थी। इस दौरान कैलाश उनके घर में घुस गया। आरोपी ने घर पर उसकी लड़की को अकेली पाकर उसके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी। जब उसकी लड़की ने शोर मचाया तो आरोपी उसके साथ गाली गलौच कर और इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

### देवता भी आते थे श्रीराम के जीवन की कथा सुनने

**रादौर**। नवदुर्गा दुखभंजन मंदिर में सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्संग कार्यक्रम में मंदिर के महंत ईश्वर भगत ने मानव जीवन में राम नाम के महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर भजन संकीर्तन का आयोजन भी किया गया। नवदुर्गा दुखभंजन मंदिर के महंत ईश्वर भगत ने फरमाया कि राम नाम मानव जीवन का सही मार्ग दर्शन है। श्रीराम के जीवन से मानव जीवन को कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि मानव ही नहीं देवता भी श्रोता बनकर श्री राम के जीवन की कथा का श्रवण करने आते हैं। त्रेता युग के पुष्पक विमान की क्षमता अनोखी थी। जितने भी लोग सवार हो जाएं तो भी एक सीट खाली रह जाती थी।

# मानसून से पहले डीच ड्रेन और नालों की सफाई का कार्य करें पूरा: ढुल



**यमुनानगर**। जिला सचिवालय में आयोजित सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए सीईओ वीरेंद्र सिंह ढुल। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ जिला सचिवालय में सिंचाई विभाग, नगर निगम व पब्लिक हैल्थ के अधिकारियों ने बैठक में बनाई रणनीति

जिला सचिवालय में सिंचाई विभाग, नगर निगम व पब्लिक हैल्थ के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद के सीईओ वीरेंद्र सिंह ढुल ने की। उन्होंने बैठक में डीच ड्रेन, नालों व सिवरेज की सफाई के कार्य की समीक्षा की। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को मानसून आने से पहले समय रहते ड्रेन व नालों की सफाई का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सीईओ वीरेंद्र सिंह ढुल ने डीच ड्रेन के अंदर गिरे हुए पेड़ पौधे, घासफूंस वबहाव में आने वाले अन्य अवरोधकों को अच्छी तरह से साफ किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राउंड रिपोर्ट और वास्तविकता में एकरूपता होनी चाहिए। इसमें किसी प्रकार की कोताही न बरतें। सीईओ जिला परिषद ने निर्देश दिए कि सिंचाई विभाग व अन्य विभागों के सभी अधिकारी आपसी तालमेल से टीम बनाकर कार्य करें एवं निर्धारित समय सीमा के अंदर सिवरेज, डीच ड्रेन अथवा नालों की साफ. सफाई का कार्य पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य है कि मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार बरसात से पहले जिला के सभी नालों, ड्रेन व सिवरेज की सफाई सुनिश्चित की जाए। ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### ये रहे मौजूद

मौके पर अंडर ट्रेनिंग आईएएस सुमन यादव, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता आरएस मित्तल, डीएमसी दिनेश मलिक, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विजय गर्ग व विनोद कुमार आदि मौजूद थे।

# बिजली कटों से परेशान लोगों ने किया हंगामा, लगाया जाम

## पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर किया शांत

■ जगाधरी की कई कॉलोनियों में चार घंटे से भी ज्यादा समय तक गुल रही बत्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर





**यमुनानगर**। जगाधरी में बिजली कटों से परेशान लोग हंगामा करते हुए और सड़क पर लगा जाम। फोटो : हरिभूमि

जिले में बढ़ती गर्मी के साथ ही बिजली के कटों से जनता परेशान है। आलम यह है कि जहां तापमान 42 डिग्री को पार कर गया है। वहीं बिजली के कटों ने भी जनता को बेहाल कर दिया है। बीती रात जगाधरी में बिजली के कटों से परेशान लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही बूडिया चौंकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को समझा कर शांत किया। पुलिस ने मौके पर बिजली निगम के अधिकारियों से बात की। इसके बाद लाइट आई तो लोगों ने जाम खोला।

जगाधरी की कई कॉलोनियों में गत शाम छह बजे से ही बिजली गुल हो गई थी। रात के 10 बजे तक भी बिजली नहीं आई। जिससे जगाधरी की ग्रीन विहार कॉलोनी के लोग सड़क पर उतर आए। लोगों ने सड़क के बीच में वाहन खड़ा करके जाम लगा दिया। लोगों ने बिजली निगम के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों ने करीब आधा घंटा जाम लगाए रखा। जिससे सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही बूडिया चौंकी से एएसआई चमनलाल अन्य पुलिस कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझा कर शांत किया।

जगाधरी निवासी महेश, रोशन व अमित ने बताया कि उनकी कॉलोनी में सुबह से लाइट परेशान कर रही है। पिछले एक सप्ताह से यहां यही स्थिति बनी हुई है। प्रतिदिन बिजली निगम के अधिकारियों को शिकायत करते हैं। लेकिन उनकी परेशानी की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिजली निगम के अधिकारियों द्वारा जो मोबाइल नंबर जारी किया गया है। जब उस पर फोन करते है तो कर्मचारी फोन को उठाकर साइड में रख देते हैं। लोगों ने बिजली निगम के अधिकारियों से बिजली के अघोषित कटों को बंद करने की मांग की है। एसआई चमन लाल ने मौके पर ही बिजली निगम के अधिकारियों को फोन किया। जिसके बाद बिजली की सप्लाइ शुरू की गई। इसके बाद लोगों ने जाम खोला।

बिजली के कटों की परेशान शहर की चुन्ना भट्टी चौंक, ग्रीन विहार कॉलोनी, मायापुरी, बैंक कॉलोनी, कैंप कॉलोनी, विजय नगर में भी रही।

**खपत बढ़कर 87 लाख यूनिट तक पहुंची**

बिजली निगम के एसई नरेंद्र सिंह का कहना है कि गर्मी के सीजन में जिले में बिजली की खपत बढ़कर 87 लाख यूनिट तक पहुंच चुकी है। ऐसे में कई जगह फीडर खराब होने की समस्या आ रही है। बिजली निगम के सभी कर्मचारी तत्परता के साथ ड्यूटी पर तैनात हैं। शिकायत प्राप्त होने पर तुरंत समाधान किया जा रहा है।



**यमुनानगर**। गांव गुंदयाना में छबील लगाते भाकियू जिला प्रधान संजू गुंदयाना व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# भीषण गर्मी में छबील लगाकर बुझाई लोगों की प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

■ भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान संजु गुंदयाना के नेतृत्व में ग्रामीणों ने इस पुण्य कार्य में भागीदारी निभाई

गांव गुंदयाना में युवाओं की ओर से भयंकर गर्मी में मीठे पानी व जलजीरे की छबील लगाकर सैंकड़ों राहगीरों की प्यास बुझाई गई। वहीं कॉलेज रोड पर आर्य चौक पर दिनेश आर्य के नेतृत्व में मीठे पानी की छबील लगाई गई।

भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान संजु गुंदयाना के नेतृत्व में ग्रामीणों ने इस पुण्य के कार्य में अपनी भागीदारी निभाई। संजु गुंदयाना ने कहा कि भयंकर गर्मी के चलते गांव में मीठे पानी व जलजीरे की छबील लगाई गई है। जिसमें हजारों राहगीरों को मीठा पानी व जलजीरा पिलाकर उनकी प्यास बुझाई गई है। सभी को अपने-अपने समर्थ के अनुसार मानव सेवा अवश्य करनी चाहिए। मौके पर जोनी, अंकित, गोल्डी, सोनू, राहुल, रिंकू, धर्मवीर, विजय फौजी आदि मौजूद थे।

वहीं कॉलेज रोड पर आर्य चौक पर दिनेश आर्य के नेतृत्व में मीठे पानी की छबील लगाई गई। जिसमें हजारों राहगीरों को मीठा पानी पिलाकर उनकी प्यास बुझाई गई। दिनेश आर्य व मनोज आर्य ने बताया कि आषाढ़ महीने में भयंकर गर्मी पड़ती है। सूर्य देव सुबह से ही अपनी गर्मी से लोगों को प्रभावित करते हैं। जिसको देखते हुए मानवता की भलाई के लिए मीठे पानी की छबील लगाई गई है। ताकि आम जन को कुछ राहत मिल सके।
इस दौरान रमेशचंद आर्य, दिनेश आर्य, मनोज आर्य, आयुष, संदीप सैनी, जितेंद्र सैनी व आंचल आदि मौजूद थे।

### जाति प्रमाण-पत्र के लिए सरल साइट बंद होने से परेशान हैं युवा

■ सीईटी के लिए अंतिम तिथि बढ़ाने की उठाई मांग

**रादौर**। प्रदेश में इन दिनों सीईटी के लिए अप्लाई करना युवाओं के लिए महाभारत से कम नहीं है। सीईटी के लिए युवाओं से 1 अप्रैल के बाद का जाति प्रमाणपत्र मांगा गया है। लेकिन प्रदेश सरकार ने जैसे ही सीईटी परीक्षा लिए जाने के लिए ऑनलाइन फार्म भरने की तारीख की घोषणा की, वैसे ही जाति प्रमाणपत्र बनवाने के लिए सरल साइट बंद हो गई है। जिससे युवा दर-दर की ठोकरें खाने पर विवश हो रहे हैं।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवकुमार शास्त्री ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने युवाओं के लिए सीईटी की घोषणा तो कर दी। लेकिन इंतजाम पूरे नहीं कर पाई। जिस कारण लाखों युवा फार्म भरने से वंचित रह गए हैं। सरकार को सीईटी की अंतिम तारीख 12 जून से बढ़ाकर 30 जून करनी चाहिए। वहीं सरल साईट पर जल्द से जल्द कार्य कर उसे दुरूस्त करवाना चाहिए। सरकार की मंशा युवाओं को नौकरी देने की नहीं है, केवल उनको दर-दर की ठोकरें खाने देने पर मजबूर करने की है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सरकार जल्द से जल्द सरल साइट को दुरूस्त करने का काम करे। साथ ही सीईटी की अंतिम तारीख को आगे बढ़ाया जाए।

# तीन अनधिकृत कॉलोनियों में चला पीला पंजा

## पुलिस बल की मौजूदगी में नगर योजनाकार विभाग ने अवैध निर्माण को ढहाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा जिले में अनाधिकृत कॉलोनियों पर कार्रवाई किए जाने के लिए चलाया जा रहा अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के तहत जिला नगर योजनाकार विभाग ने राजस्व संपदा मौजा जगाधरी व नाभ में बिना अनुमति के करीब 11 एकड़ में विकसित की जा रही तीन अनाधिकृत कॉलोनियों में किए गए अवैध निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन से ढ़हा दिया। उक्त जानकारी जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने दी।

नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि जगाधरी व नाभ में बिना अनुमति के तीन अनाधिकृत कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं। कालोनियों में नींव आदि समेत अन्य अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने मामले के बारे में उच्चाधिकारियो को अवगत करवाया गया। जिसके बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश में जगाधरी के नायब तहसीलदार को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रुप में नियुक्त किया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की मौजूदगी में विभाग द्वारा तीनों अनाधिकृत कॉलोनियों में अवैध निर्माण कार्य को हटाने का कार्य किया गया।



**यमुनानगर**। नाभ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में बनाए गए निर्माण कार्य को ध्वस्त करते हुए जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

#### दिए गए थे पहले नोटिस

जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि चूककर्ताओं को अर्बन एरिया एक्ट 8 ऑफ 1975 के तहत नियमानुसार पहले नोटिस जारी किए गए थे। मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई और अवैध कॉलोनी व निर्माण की स्थापना करने से पहले आवश्यक अनुमति नहीं ली गई। जिसके बाद तीनों कालोनियों में अवैध किए गए निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन की मदद से हटाया गया।

**अनधिकृत कॉलोनियों में मेहनत की कमाई का ना करें निवेश:** जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता व जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने सभी जनसाधारण से अवैध कॉलोनियों में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि इसके बाद भी कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में निर्माण करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा।

### बाइक सवार युवकों ने महिला और व्यक्ति से झपटा पर्स

**यमुनानगर**। ट्विन सिटी में बाइक सवार युवकों ने अलग-अलग स्थानों पर महिला व व्यक्ति का पर्स झपट लिया। दोनों पर्स में साढ़े 18 हजार रुपये व मोबाइल था। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तिलक नगर जगाधरी निवासी अर्चना सौंधी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मंगलवार शाम यमुनानगर किसी काम से आई थी। जब वह मॉडल टाउन स्थित रवि अस्पताल के पास पहुंची तो बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। आरोपियों ने आते ही उसके हाथ से पर्स झपट लिया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन आरोपी मौके से भागने में कामयाब हो गए। उसने बताया कि उसके पर्स में 10 हजार रुपये और मोबाइल था। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, गांव तेलीपुरा निवासी पवन कुमार ने बताया कि वह नौ जून को शाम छह बजे किसी काम से जा रहा था। जब वह शांति कॉलोनी के मोड पर पहुंचा तो बाइक सवार युवकों ने उसे रोक लिया। इसके बाद आरोपी उससे पर्स छीनकर फरार हो गए।

## ट्विन सिटी में बेसहारा गोवंशजों को पकड़ने के लिए चलाया अभियान

# गोवंशजों को नगर निगम की टीम ने पहुंचाया गोशाला



**यमुनानगर**। निगम की टीम बेसहारा गोवंशजो को पकड़कर गौशाला में ले जाने के लिए वाहनों में चढ़ाते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ अभी तक 149 गोवंशजों को पकड़ कर गोशाला पहुंचाया

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी प्रशासन द्वारा ट्विन सिटी में चलाए जा रहे बेसहारा गोवंशज मुक्त करने के अभियान के तहत निगम की टीम ने दर्जनों बेसहारा गोवंशजो को पकड़कर गौशाला में पहुंचाया। निगम के अधिकारियों के मुताबिक जब तक से ट्विन सिटी हर बेसहारा गोवंश नहीं पकड़ा जाता है तब तक निगम का यह अभियान जारी रहेगा।

नगर निगम प्रशासन द्वारा गोवंशज पकड़ने के लिए ट्विन सिटी के जोन एक में सीएसआई हरजीत सिंह, जोन दो में सीएसआई विनोद बेनीवाल व जोन तीन में सीएसआई अनिल नैन के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया है। सुबह के वक्त सीएसआई हरजीत सिंह के नेतृत्व में गठित टीम बेसहारा गोवंशजों को पकड़ने के लिए निगम के वार्ड नंबर सात समेत विभिन्न स्थानों पर पहुंची। निगम कर्मियों ने विभिन्न स्थानों पर घूम रहे दर्जनों गोवंशजों को पकड़ा। इसके बाद उन्हें टैग लगाकर गौशाला पहुंचाया गया। मौके पर सीएसआई हरजीत सिंह ने बताया कि बेसहारा गोवंशजो को पकड़ने का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। शहर में घूमने वाले सभी बेसहारा गोवंशजो को पकड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत अभी तक नगर निगम ने 149 गोवंशजों को पकड़ कर गौशाला पहुंचाया है। सभी पशुओं को टैग भी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी शहरवासी गोवंशजों का इस्तेमाल करने के बाद उन्हें खुले में न छोड़े। यदि कोई गोवंशज खुले में छोड़ता है तो उस पर 51 सौ रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। इसके अलावा यदि ग्रामीण क्षेत्र से भी कोई व्यक्ति शहरी क्षेत्र में गोवंशज छोड़ता है तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से यदि उन्हें शहरी क्षेत्र में कहीं भी कोई बेसहारा गोवंशज घूंमता हुआ दिखाई दे तो उसकी फोटो खींचकर पते या लोकेशन समेत निगम के व्हाट्सएप नंबर पर भेजे। निगम की टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर उन पशुओं को पकड़कर गौशाला पहुंचाएगी। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा जो बेसहारा गोवंशज पकड़कर गोशाला में छोड़े जाते हैं। उसके लिए नगर निगम द्वारा चारा खर्च गौशाला कमेटी को दिया जाता है। गोवंश पकड़ते समय उस पर निगम की ओर से टैग लगाया जाता है।

# विद्यार्थियों ने गुरबाणी की मधुर प्रस्तुतियां देकर संगत को किया भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर**। गुरुद्वारा किला लोहगढ़ में कीर्तन दरबार में गुरबाणी की प्रस्तुति देने जाते हुए गुरु नानक खालसा कॉलेज के विद्यार्थी।

गुरु नानक खालसा कॉलेज के विद्यार्थियों ने बाबा बंदा सिंह बहादुर के शहीदी दिवस के उपलक्ष में बुधवार को गुरुद्वारा किला लोहगढ़ में गुरबाणी कीर्तन का आयोजन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने गुरबाणी की मधुर प्रस्तुतियां देकर संगत को भाव विभोर कर दिया। कीर्तन दरबार उपायुक्त यमुनानगर के निर्देशानुसार किला लोहगढ़ फाउंडेशन ट्रस्ट के मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया।

कॉलेज के संगीत विभाग के अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंघानिया के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने गुरुद्वारा किला लोहगढ़ का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने गुरबाणी की मधुर प्रस्तुतियां दी। डॉ. बबीता सिंघानिया ने बाबा बंदा सिंह बहादुर की अनुपम शहादत को नमन करते हुए उनके द्वारा सिख इतिहास में दिए गए अद्वितीय योगदान और किला लोहगढ़ को पहली सिख राजधानी के रूप में स्थापित करने की भूमिका को रेखांकित किया। प्राचार्या डॉ. प्रतिभा शर्मा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने ऐसी पहल के लिए कॉलेज प्रबंधन का आभार प्रकट किया और विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया। वहीं, कॉलेज के पंजाबी विभाग के अध्यक्ष डॉ. तिलक राज ने कहा कि ऐसे अकादमिक और सांस्कृतिक प्रयासों के माध्यम से सिख शहीदों की समृद्ध विरासत को संरक्षित करना आज के समय की आवश्यकता है। मौके पर कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक आयोजन में विद्यार्थियों की सहभागिता पर गर्व व्यक्त किया।

# भीषण गर्मी से लोगों का हाल-बेहाल, तापमान पहुंचा 41 डिग्री के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सूरज के सख्त तेवर से गर्मी का सितम बढ़ता जा रहा है। चिलचिलाती धूप और गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। बढ़ते तापमान ने लोगों का हाल-बेहाल कर दिया है। अधिकतम तापमान 41 डिग्री से ज्यादा पहुंच गया है। कूलर और पंखे की हवा भी लोगों के काम नहीं आई। गर्मी से लोगों का हलक सूखता रहा तो कमरे के भीतर पंखे की हवा में पसीना पोछना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में धूप से बचने के लिए लोग पेड़ की छांव खोजते रहे। गर्मी की तपिश जिस तरह से है, उससे


कुरुक्षेत्र। एलएनजेपी अस्पताल में लगी मरीजों की लाइन।

लोगों की मुश्किल और बढ़ने वाली है। शाम तक गर्म हवा चलती रही, जिस कारण दुकान और बाजार में सन्नाटा रहा। गर्मी के कारण व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। सुबह दस बजते ही तेज धूप से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।

### बाजारों में चहल-पहल कम

गर्मी के चलते बाजारों में भी चहल-पहल कम है। शाम के समय कुछ भीड़ बाजारों में दिखाई देती है। गर्मी के कारण दोपहर के समय सड़कें सुनसान नजर आती हैं, लोग केवल आवश्यक कार्यों को लेकर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। शहर के मार्गों बाजारों के साथ-साथ बस अड्डा रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों की संख्या में कमी आती नजर रही है। भीषण गर्मी से बचाव को लेकर ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ रही है। बुधवार को अधिकतम तापमान 41 व न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। किसानों से अपील है कि इस मौसम में हरे चारा व सब्जियों की फसल को बचाने के लिए खेतों में पानी देते रहें ताकि नमी बनी रहे। रात के तापमान में वृद्धि होने के चलते लोगों को और भी परेशानी हो रही है। वही गर्मी बढ़ते ही मौसमी बीमारी बढ़ने लगी है। इसमें डायरिया, त्वचा, लू लगना, पानी की कमी, फूड पॉइजनिंग आदि बीमारी शामिल है। अस्पताल में मरीजों की तादाद बढ़ने लगी है। चिकित्सक डॉक्टर आशीष अनेजा ने बताया कि शरीर से जब पसीना निकलता है तो शरीर में पानी और नमक की मात्रा काफी कम हो जाती है, इससे शरीर की पाचन प्रक्रिया प्रभावित होती है, इस वजह से उल्टी और दस्त की शिकायत बढ़ जाती है।

### हीट वेव से करें बचाव, बरतें एहतियातः नेहा सिंह

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। जिला प्रशासन द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसका सभी पालन करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखें। उपायुक्त नेहा सिंह ने आमजन से आह्वान किया कि प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और हीट वेव से बचे रहें। उन्होंने बताया कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढंक कर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। उन्होंने कहा कि पार्किंग के समय बच्चों को वाहनों में छोडकर न जाएं, उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है।

### नियमित अंतराल में पानी पीते रहें

डॉक्टर आशीष अनेजा ने बताया कि इस मौसम में नियमित अंतराल पर खूब पानी पिएं और अधिक पसीना निकल रहा है तो दिन में ओआरएस का घोल जरूर पिएं। बच्चे को 11 से शाम 4 बजे तक धूप के संपर्क में ना आने दें। मौसमी फलों का सेवन करें और खाने-पीने में तैलिय पदार्थ का सेवन कम करें। हीट स्ट्रोक से बचने के लिए दिन के सबसे ज्यादा गर्मी वाले समय में, घर से बाहर नहीं निकलें। अत्यधिक मात्रा में पानी और जूस पीएं, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। ढीले ढाले लाइट कलर के सूती कपड़े पहने जो पसीना को अच्छे से सोख लेता है।

## खबर संक्षेप



### ज्योतिषविद् मीनाक्षी शर्मा स्मृति चिन्ह से सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** चतुर्थ अखिल भारतीय ज्योतिष समागम ऋषिकेश में 6 जून से 8 जून तक चतुर्थ अखिल भारतीय ज्योतिष समागम हुआ, जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से विद्वान ज्योतिषियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में ज्योतिष से सबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में क्राइम पेट्रोल में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाने वाले अभिनेता गुलशन पांडे, आई.आई.एम. टी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर शामिल थे। चतुर्थ अखिल भारतीय ज्योतिष समागम में कुरुक्षेत्र से ज्योतिषविद् मीनाक्षी शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### जीवनमय बाल आश्रम में योग शिविर आयोजित



**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जीवनमय बाल आश्रम लाड़वा में योग शिविर का आयोजन किया गया। सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस योग शिविर में जीवनमय बाल आश्रम लाड़वा में रह रहे बच्चों और स्टाफ को योगा का अभ्यास करवाया गया।

### कारागार में योग शिविर का किया आयोजन



**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस योग शिविर में जेल में बंदियों को योगा करवाया गया।

## श्रीगुरु हरगोबिंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर सजाया महान नगर कीर्तन

# जो बोले सो निहाल सतश्री अकाल के जयकारों से गूंजी धर्मनगरी

*संगत ने फूलों से सुसज्जित श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की पालकी साहिब के समक्ष नवाया शीश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मीरी-पीरी के मालिक धन-धन साहिब श्रीगुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व पर महान नगर कीर्तन ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से सजाया गया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया एवं पंज प्यारों की अगुवाई में सजाए गए इस महान नगर कीर्तन के दौरान बोले सो निहाल सत्श्री अकाल और शबद कीर्तन की गूंज सुनाई देती रही। नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाने और सेवा करने के लिए संगत की भीड़ उमड़ी पड़ी। नगर कीर्तन से पहले गुरु चरणों अरदास की गई और हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा, कार्यकारिणी समिति मैंबर कुलदीप सिंह मुल्तानी, मैंबर इंदरजीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह, बलदेव सिंह हाबड़ी, गुरनाम सिंह लाडी व भूपिंदर सिंह लाडी, बीबी करतार कौर, बीबी जसबीर कौर मसाना, पूर्व कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना, पूर्व


कुरुक्षेत्र। नगर कीर्तन की अगुवाई करते पारंपरिक वेशभूषा में पंज प्यारें।


कुरुक्षेत्र। प्रकाश पर्व पर सजाए गए नगर कीर्तन में शामिल संगत।

स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना, पूर्व मैंबर बेअंत सिंह, सुखजिंदर सिंह मसाना, धर्म प्रचार सचिव सरबजीत सिंह जम्मू, प्रधान साहिब के कार्यालय पीए एवं एडिशनल सैकेटरी सतपाल सिंह डाचर, अतिरिक्त सचिव राजपाल सिंह दुनियामाजरा, नरेंद्र सिंह, उप सचिव अमरिंदर सिंह, रूपिंदर सिंह, निजी सचिव शमशेर सिंह, गुरुद्वारा निरीक्षण शाखा के प्रभारी जज सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह सहित भारी गिनती में संगत ने गुरुद्वारा साहिब में श्री दरबार साहिब में हाजिरी भरी।

संगत को संबोधित करते हुए हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने आह्वान किया कि सभी एकजुट होकर सेवा भाव से गुरु घर के लिए सहयोग करें। अपने बच्चों को नितनेम से जोड़ने के साथ-साथ ऐतिहासिक दिनों के इतिहास की पूरी जानकारी उन्हें दें। उन्होंने कहा कि हम सब को अपने बच्चों को ऐतिहासिक स्थालों के दर्शन भी करवाने चाहिए। बच्चों को दस्तार एवं गुरबाणी के महत्व से अवगत करवाना चाहिए।

### संगत को पिलाया ठंडा मीठा शरबत

*इसके उपरांत धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से गुरु चरणों में अरदास के साथ महान नगर कीर्तन की शुरूआत शबद कीर्तन और बोले सो निहाल सत श्री अकाल की गूंज के साथ हुई। भाई गुरदास सिंह ने गुरु चरणों में अरदास की। भारी गिनती में संगत ने फूलों से सुसज्जित श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की पालकी साहिब के समक्ष शीश नवाया। ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब से जैसे ही श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया और पंज प्यारों की अगुवाई में महान नगर कीर्तन आरंभ हुआ, तो नतमस्तक होने के लिए संगत का हजूम उमड़ पड़ा। नगर कीर्तन में यूपी, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश और हरियाणा के अलग-अलग जिलों की संगत विशेष रूप से शामिल हुई, जबकि कुरुक्षेत्र जिला की संगत ने भी उत्साहपूर्वक परिवार समेत गुरु साहिब के समक्ष हाजिरी भरी तथा विभिन्न स्थानों पर ठंडे पानी, जलजीरा, कुल्फी और अन्य खाद्य पदार्थों के स्टाल लगाकर सेवा की। यह नगर कीर्तन रेलवे रोड, कुटिया वाली गली, गुलजारी लाल नंदा मार्ग, थानेसर बस स्टैंड सहित अन्य कई स्थानों से होते हुए गुरुद्वारा साहिब में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर संगत ने रंग बिरंगी आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। उधर आमजन और संगत को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए यातायात प्रबंध का मोर्चा स्वयं हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के कर्मचारियों ने संभाले रखा। नगर कीर्तन के साथ-साथ पूरे यातायात को सुचारु ढंग से चलाने और पंकितबद्ध संगत को लेकर चलने के लिए एचएसजीएमसी की टीम ने देरसायं तक यातायात की बागडोर संभाल कर रखी।*

## शहर को स्वच्छ-सुंदर बनाने में कोताही बरतने पर होगी कार्रवाईः नेहा सिंह

**उपायुक्त ने सीवरेज व्यवस्था का लिया जायजा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर शहर में विशेष स्वच्छता अभियान चल रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए हर विभाग के अधिकारी और कर्मचारी को शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लेकर अपनी जिम्मेदारी को पूरा करना होगा। इस विशेष स्वच्छता अभियान के तहत अगर किसी अधिकारी, कर्मचारी ने कोताही बरती तो सीधी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने सीवरेज व्यवस्था का जायजा लिया और नरकतारी में एसटीपी को भी चैक किया और इस दौरान उपायुक्त नेहा सिंह ने पौधा रोपण भी किया। उन्होंने कहा कि इन बारिशों के सीजन में सीवरेज व्यवस्था में दिक्कत ना आए और ड्रेनेज सिस्टम भी दुरूस्त रहे। इसके ऊपर भी जनस्वास्थ्य विभाग पूरा फोकस रखकर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग की तरफ से विशेष स्वच्छता अभियान के तहत सीवरेज, नाले, नालियों की सफाई भी की जा रही है। उपायुक्त ने कहा कि महा अभियान को स्वच्छता का जन आंदोलन बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को आगे आना होगा और स्वच्छता की कमान को संभालना होगा। इस महा अभियान में नगर परिषद थानेसर, जनस्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग का अहम रोल रहने वाला है।

### योग महाकुंभ की डोर टू डोर दे रहे जानकारीः डा. आर्य

**कुरुक्षेत्र।** योग आयोग के चेयरमैन डा.जयदीप आर्य ने कहा कि 21 जून 2025 को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र में आयोजित होने जा रहे योग महाकुंभ की जानकारी को पतंजलि योगपीठ द्वारा जिला कुरुक्षेत्र में डोर टू डोर जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि गांवों और शहरों में योग प्रोटोकॉल के लिए शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही हर घर, दुकान और अन्य संस्थाओं में अभियान चलाकर प्रचार किया जा रहा है।

## श्रीकृष्ण कृपा गोशाला में नये शेड निर्माण की रखी आधारशिला

- स्वामी ज्ञानानंद ने नीम का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



श्रीकृष्ण कृपा गोशाला, पिहोवा में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के करकमलों द्वारा नये शेड के निर्माण की आधारशिला विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत रखी गई। कार्यक्रम का आरंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं गो माता की आरती के साथ हुआ, जिसके पश्चात महाराज श्री ने शिलान्यास कर नए युग की शुरूआत की। गोशाला के प्रधान जगदीश तनेजा ने जानकारी देते हुए बताया कि गोशाला में स्थित पुराना शेड अत्यंत जर्जर एवं असुरक्षित अवस्था में था। गोसेवकों व गोमाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि पुराने शेड को हटाकर उसकी जगह एक नया, मजबूत एवं आधुनिक सुविधा युक्त शेड बनाया जाएगा, जिससे गोशाला की सेवाएं और भी सुचारु रूप से चल सकें। स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने अपने आध्यात्मिक प्रवचनों में श्री कृष्ण कृपा के महत्व को भावपूर्ण शब्दों में व्यक्त करते हुए कहा कि श्री कृष्ण कृपा केवल किसी संस्था, गौशाला या मंदिर का नाम नहीं, बल्कि यह समस्त जीवन की दिशा और दर्शन है। उन्होंने कहा कि पिहोवा में इतनी भव्य गोशाला का स्वरूप कल्पना से परे था, लेकिन जब भाव श्रीकृष्ण से जुड़ते हैं, तो वह कृपा स्वरूप में प्रकट होती है और असंभव भी संभव बन जाता है। शिलान्यास के उपरांत स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने गोशाला परिसर में नीम का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में सैमसन पेपर मिल के एम.डी. प्रदीप सैनी, नगर पालिका अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि, सुरेंद्र ढींगरा, उद्योगपति अनिल बंसल, लाला जयनारायण गर्ग, सुरेंद्र शर्मा, प्रेमपाल पुरी, डॉ. अवनीत वड़ैच आदि मौजूद रहे।

## सांसद ने डॉग रेस्क्यू ऑर्गेनाइजेशन को दी आर्थिक सहायता

- कुत्तों के उपचार व नसबंदी को लेकर गंभीरता से योजना पर किया जा रहा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर स्ट्रे डॉग के प्रति गंभीरता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए नवीन जिन्दल फाउंडेशन के माध्यम से एक महत्वपूर्ण योजना बनाई जा रही है। सांसद नवीन जिन्दल की इस पहल के अंतर्गत बेसहारा व आवारा कुत्तों के उपचार व नसबंदी का कार्य कर रही, संस्था डॉग रेस्क्यू ऑर्गेनाइजेशन को नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। संस्था डॉग रेस्क्यू ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारियों को चेक सौंपते हुए सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का मानना है कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को पशुमित्र क्षेत्र बनाना हमारा लक्ष्य है, जहां न केवल इंसानों के लिए बल्कि बेजुबानों के लिए भी संवेदनशील और सुरक्षित वातावरण हो। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा बेसहारा व आवारा कुत्तों के उपचार व नसबंदी को लेकर गंभीरता से योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने कुरुक्षेत्र, कैथल और यमुनानगर की दिशा मीटिंग में भी अधिकारियों व समाजसेवी संस्थाओं से भी संवाद किया है।

### स्वामी गुरदीप गिरी महाराज का पिपली में स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** बुधवार को श्रीश्री 108 स्वामी गुरदीप गिरी महाराज जी ने शुक्रताल, उत्तर प्रदेश में शिरोमणी सतगुरु रविदास महाराज जी के सत्संग में भाग लेने के बाद



पठानकोट लौटते समय पिपली में संगत को दर्शन देने के लिए विशेष रूप से रुके। स्वामी जी के दर्शन का इंतजार कर रही संगत ने उनका भव्य स्वागत पुष्प मालाओं से किया, जिसमें नौरंग राम, राजिन्द्र सिंह, दलबीर सिंह, रामदिया, महिपाल, रामकुमार राहुल, शेर सिंह अम्बाला और डॉ. जरनैल रंगा शामिल थे। स्वामीजी ने संगत को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह संगत का प्यार है जो हमें यहां खींच लाया है उन्होंने सत्संग के महत्व को समझाते हुए कहा कि यह मिलन एक आध्यात्मिक अनुभव है, जो आत्मिक समर्पण और भाईचारे को प्रोत्साहित करता है।

### पिहोवा में 3 दिन बंद रहेंगी मोबाइल की दुकानें : प्रिंस

**पिहोवा।** धर्मनगरी पिहोवा की मोबाइल दुकानदार यूनियन ने तीन दिन की लगातार छुट्टी की घोषणा की है। यह निर्णय मोबाइल यूनियन के प्रधान प्रिंस



मंगला की अध्यक्षता में हाल ही में हुई बैठक में लिया गया। प्रिंस मंगला ने बताया कि बैठक में हर वर्ष की भांति इस बार भी गर्मियों की छुट्टियों के चलते 13 से 15 जून तक तीन दिन शहर की सभी मोबाइल की दुकानें बंद रखने का फैसला सर्वसम्मति से लिया गया। उन्होंने बताया कि मोबाइल कारोबारियों व कर्मचारियों में छुट्टियां को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। बातचीत में कई दुकानदारों ने बताया कि इन छुट्टियों में वह पूरा समय अपने परिवार के साथ घूमने- फिरने आदि में व्यतीत करना चाहते हैं।



### विश्व इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में लिखी जाएगी योग महाकुंभ की गाथा : सुधा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि विश्व इतिहास के पन्नों में कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर 21 जून को होने वाला योग महाकुंभ स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। इस बार अंतर्राष्टीय योग दिवस 2025 पर कुरुक्षेत्र में होने वाले राज्य स्तरीय योग दिवस के हर लम्हें पर हिन्दुस्तान की नजर होगी। इस बार योग दिवस पर एक लाख से ज्यादा लोग ब्रह्मद्दसरोवर आइक्रोनिक स्थल पर एक साथ योगा करेंगे। इस दिन कुरुक्षेत्र के साथ-साथ हरियाणा का नाम गिनिज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र के लोग इस नए रिकॉर्ड के साक्षी बनेंगे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि ये कार्यक्रम प्रशासनिक कार्यक्रम ना होकर सार्वजनिक कार्यक्रम है। इसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं की संवेदनाओं से जनभागीदारी के लिए लगे हुए हैं।

**कार्यक्रम** प्रान्तीय आर्यवीर दल शिविर में सभी आर्यवीरों का यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न

# शिविर में युवाओं ने अंधविश्वास और पाखण्ड समाप्त करने का लिया संकल्प

*युवाओं ने भारी हाथों व गले में पहने काले धागे, कंडे-ताबीज उतारे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुकुल में चल रहे प्रान्तीय आर्यवीर दल शिविर में सभी आर्यवीरों का यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न हुआ। आचार्य दयाशंकर शास्त्री के मार्गदर्शन वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सभी आर्यवीरों ने जनेऊ धारण किया। उन्होंने कहा कि यज्ञोपवीत के ये तीन धागे हमें अपने देवों के प्रति, हमारे ऋषियों के प्रति तथा हमारे माता-पिता के प्रति हमारे जो ऋण, कर्त्तव्य और



दायित्व हैं उनका स्मरण कराते हैं। पहला ऋण माता-पिता का ऋण है, दूसरा ऋण गुरुओं का ऋण है तथा तीसरा ऋण ऋषि ऋण होता है, हमें इन तीनों ऋणों से उऋण होने के लिए हमें श्रेष्ठ कार्य करने चाहिए। वैदिक संस्कृति में यज्ञोपवीत का बड़ा महत्त्व है। उन्होंने कहा कि मुगलकाल में वीर शिवाजी ने जनेऊ धारण करने के लिए बहुत परिश्रम किया था और लगभग 9 लाख की बड़ी राशि खर्च करने के उपरान्त उन्हें यज्ञोपवीत मिला था। यज्ञोपवीत संस्कार के उपरान्त सभी आर्यवीरों ने समाज से पाखण्ड, अंधविश्वास आदि बुराइयों को मिटाने का संकल्प लिया। इस दौरान युवाओं ने भारी संख्या में हाथों व गले में पहने हुए काले धागे, कंडे-ताबीज आदि उतारकर पांखण्ड से दूर रहने का संदेश दिया। **ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर भजनोपदेशक महाशय जयपाल आर्य, प्रशिक्षण प्रमुख संजीव आर्य, मनीराम आर्य, वरिष्ठ योग शिक्षक सूर्यदेव आर्य, व्यायाम शिक्षक संदीप वैदिक सहित सभी प्रशिक्षक मौजूद रहे।

### योग दिवस के लिए 1 लाख लोगों को किया जा रहा है ट्रेंडः नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इकट्ठा होने वाले 1 लाख लोग एक सुर एक ताल में योग करें, इसके लिए जिला प्रशासन पतंजलि योग पीठ के साथ मिलकर तैयारी में लगा हुआ है। जिलाभर में 550 योग शिविर लगाकर लोगों को ट्रेंड कर रहा है, इनमें 130 शिविर शहरी क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे हैं और सभी 422 गांवों में 5 दिवसीय योग प्रोटोकॉल शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय योग शिविर को अनुशासन और प्रोटोकॉल के तहत किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन द्वारा तैयारी की जा रही है। ऐसा तभी संभव होगा जब सभी लोग प्रशिक्षित होने के बाद अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में शामिल होंगे। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पतंजलि योगपीठ के 500 शिक्षक योग प्रोटोकॉल बनाने के लिए आए हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### कबूतरबाजी के मामले में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी लवजीत सिंह उर्फ जीत, गुरजीत सिंह उर्फ बल्ली व आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी लवजीत सिंह तथा गुरजीत सिंह को चार दिन के रिमांड पर लिया है। पिलखनी के रामचंद्र ने 16 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 6 नवंबर 2024 को आरोपी लवजीत सिंह उर्फ जीत, गुरजीत सिंह उर्फ बल्ली, आरोपी महिला व अन्य ने उसे और उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी की है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-शहजादपुर ने थाना शहजादपुर में दर्ज चोरी के मामले में आरोपी आकेश उर्फ ड्डू को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पीड़ित महिला ने 5 दिसंबर 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने रात के समय गांव पतरेहड़ी में आंगनवाड़ी का ताला तोड़कर तीन बोरी चीनी, 50 किलो गेंहू, 1 क्विंटल चावल, 1 सिलेंडर, 21 किलो घी, 3 बोरे आटा चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### 23500 किसानों से सीधा संपर्क

**अंबाला।** 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसमें खंड साहा, बराड़ा, शहज़ादपुर, नारायणगढ़, अंबाला-1 एवं 2 के 165 गांव में पहुंच कर वैज्ञानिको एवं अधिकारियों ने चौपाल चर्चा, बैठक, किसान-वैज्ञानिक वार्तालाप, समस्या व समाधान इत्यादि के साथ साथ डोर टू डोर कैंपेन चलाई।

### आरोपी पीओ को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना के एक मामले में वांछित आरोपी हरभजन सिंह को काबू किया है। माननीय न्यायालय द्वारा वर्ष 2020 में आरोपी को पीओ घोषित किया गया था। 10 जून 2025 को इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी अनमोल कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। यूनियन बैंक के आशीष ने 29 नवंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अनमोल कुमार व अन्य ने मिलीभगत करके साजिश नकली गोल्ड पर लोन लेकर एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी की है।

### पॉलिथीन हटाकर पर्यायवरण को बचाने का लिया संकल्प

**बराड़ा।** सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) द्वारा राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, में 'हरित भारत, हरित धरा' अभियान के अंतर्गत 'पॉलिथीन हटाओ, पर्यावरण बचाओ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम "आई हेट पॉलिथीन" मुहिम की राष्ट्रीय संयोजिका पूजा अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूजा अग्रवाल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, 'प्रकृति ने हमें जीवन के लिए आवश्यक सभी संसाधन बिना किसी मूल्य के प्रदान किए हैं।

### लोगों ने बड़ी बस चलाने की मांग की

# तंदवाल में मिनी बस को रोक ग्रामीणों ने जताया विरोध

मिनी बस में अत्यधिक भीड़ के कारण यात्रा करने वाली लगभग दो दर्जन सवारियां बस में चढ़ने से वंचित रह गईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा




बराड़ा। तंदवाल में मिनी बस के ड्राइवर से बातचीत करते हुए ग्रामीण।

शाहबाद से साढौरा (वाया तंदवाल) चलने वाली मिनी बस सेवा को लेकर गांव तंदवाल में ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। मिनी बस में अत्यधिक भीड़ के कारण यात्रा करने वाली लगभग दो दर्जन सवारियां बस में चढ़ने से वंचित रह गईं। इसको लेकर ग्रामीणों ने बस को बस अड्डे पर ही रोक लिया। चालक व परिचालक को जमकर खरी-खोटी सुनाई।

इस दौरान ग्रामीणों ने परिवहन विभाग के खिलाफ भी कड़ी नाराजगी जाहिर की।शाहबाद से साढौरा जाने वाली यह मिनी बस जैसे ही गांव तंदवाल में पहुंची तो उसमें पहले से ही क्षमता से अधिक सवारियां भरी हुई थी। बस में लोग न केवल खड़े थे बल्कि दरवाजों और सीढ़ियों तक पर भी लटके हुए थे । ऐसे में जब बस गांव तंदवाल के बस अड्डे पर पहुंची तो वहां पर बस के इंतजार में खड़ी लगभग दो दर्जन सवारियों को बस में चढ़ने का अवसर नहीं मिल पाया। हालांकि कुछ सवारियां जैसे तैसे कर बस में सवार हो गयी लेकिन बाकी नीचे ही रह गयी। यह देख मौके पर खड़े ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने बस को रोककर विरोध किया। परिवहन विभाग के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों का कहना था कि इस मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग यात्रा करते हैं लेकिन मिनी बस की सीमित क्षमता यात्रियों की जरूरतों को पूरा नहीं कर पाती। उन्होंने बताया कि वे पहले भी इस रूट पर मिनी बस सेवा का विरोध कर चुके हैं लेकिन इस समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया है।

#### लंबे रूट पर मिनी बस का औचित्य नहीं

बता दे कि /"शाहबाद से साढौरा तक का सफर लंबा है। इसमें रास्ते मे कई गांव पड़ते हैं। इस रूट पर हमेशा बसों में भीड़ बनी रहती है। मिनी बस में न तो ठीक से बैठने की जगह होती है। न ही खड़े होने की। ऐसे में रोजाना यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ती है।/" ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मिनी बस सेवा को तुरंत बंद कर उसकी जगह बड़ी बस चलाई जाए जिससे सभी यात्रियों को बैठने की सुविधा मिल सके और यात्रा सुरक्षित व सुगम बन सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि परिवहन विभाग ने शीघ्र कोई कार्रवाई नहीं की तो वे आगे इस सेवा का विरोध करेंगे।



नारायणगढ़। योग संस्थान के स्थापना दिवस पर सम्मानित करते पूर्व विधायक व अन्य।

## भारतीय योग संस्थान स्थापना दिवस पर लोगों को किया सम्मानित

- संस्थान के जोन प्रधान संजय धीमान ने बताया कि स्थापना दिवस हर वर्ष 11 जून को पूरी श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

भारतीय योग संस्थान का स्थापना दिवस आहलूवालिया धर्मशाला में बड़े ही हर्षोल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। इसमे डॉ. पवन सैनी पूर्व विधायक ने मुख्यातिथि के तौर पर सिरकत की। इस अवसर पर अनेकों गणमान्य अतिथियों और योग साधकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। संस्थान के जोन प्रधान संजय धीमान ने बताया कि यह स्थापना दिवस हर वर्ष 11 जून को पूरी श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी का स्वागत अंबाला से पधारे भारतीय योग संस्थान के कृष्ण जिला प्रधान सुरेंद्र अरोड़ा और उप प्रधान रामनाथ कपूर ने पारंपरिक पटका पहनाकर किया। इस अवसर पर संस्थान के समस्त सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. पवन सैनी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। ब्रह्मकुमारी आश्रम से आई बहनों हरदीप, अंजली, प्रीति, आंचल को भी पटका पहनाकर सम्मान प्रदान किया गया। जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में विगत दिवस विभिन्न आयु वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले योग साधक सुरेश सचदेवा, कनिका अग्रवाल और संजय धीमान को भी मंच पर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सामाजिक कार्यों के लिए मनोज वालिया, अंशुल वालिया और राजेश वर्मा को भी सम्मानित किया गया।

#### ये हुए सम्मानित

*संस्थान के केंद्र प्रमुख राजेश शर्मा, वरिष्ठ योग साधक रामनाथ धीमान, रामप्रसाद धीमान, वीरेंद्र वालिया और कृष्ण लाल आढ़ती को भी उनके योगदान के लिए पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। अहलूवालिया सभा के प्रधान मुकेश वालिया और मुख्य अतिथि डॉ. पवन सैनी ने संस्थान की निःशुल्क योग सेवाओं के लिए संजय धीमान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।*

## ज्येष्ठ की पूर्णिमा पर सत्यनारायण कथा व हवन यज्ञ का हुआ आयोजन

- भगवान विष्णु के भक्तों के लिए पवित्र दिन है ज्येष्ठ पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। हवन यज्ञ में आहुतियां डालते भक्त।

भगवान परशुराम मंदिर, पीपली बाज़ार अंबाला शहर में ज़िला ब्राह्मण सभा, द्वारा ज्येष्ठ पूर्णिमा मनायी गई। इस अवसर पर पंडित पंकज डिमरी ने सभी भक्तों को भगवान सत्यनारायण की कथा सुनाई। कथा के दौरान पंडित पंकज डिमरी ने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा भगवान विष्णु के भक्तों के लिए सबसे शुभ और पवित्र दिनों में से एक है। यह दिन श्री हरि भक्तों के बीच बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह दिन हिंदू धर्म में पवित्र दिनों में से एक माना जाता है।

इस शुभ दिन पर, भक्त व्रत रखते हैं और भगवान सत्यनारायण के रूप में भगवान विष्णु की पूजा करते हैं। माना जाता है कि इससे दैवीय सुरक्षा और धन की प्राप्ति होती है। भक्त गंगा में पवित्र स्नान करते हैं, मंदिरों में जाते हैं। सत्यनारायण की कथा के बाद सभी ने हवन यज्ञ किया तथा कथा का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सभा के चेयरमैन देवेंद्र शर्मा, महेश दत्त वशिष्ठ, जुगल किशोर शर्मा, लता, सुमन, मधु, सुमन जयवन्ती, शांति, अनु, वीरांवाली, सरिता, रानी, गीता एवं कविता आदि उपस्थित रहे।

### डेंगू के लारवा की जांच के लिए मैदान में उतरे कर्मचारी

**शहजादपुर।** डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए मानसून से पहले ही स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। शहरी क्षेत्र में डेंगू के लार्वा की जांच के लिए मंगलवार को विभाग ने 50 ब्रीडिंग चेकर को फील्ड में उतारा। उन्होंने अलग-अलग गली-मोहल्लों में जाकर घरों में जमा पानी के लिए जांचा। पानी की टंकी से लेकर गमलों व छत पर एकत्रित किए सामान को देखा कि कहीं जमा पानी की लारवा को नहीं पनप रहा। इतना ही नहीं नगर परिषद की तरफ से भी अंबाला कैंट में फॉगिंग शुरू की जा चुकी है। मच्छरों की फौज पर प्रहार करने के लिए परिषद के कर्मचारी अलसुबह ही गली-मोहल्लों में जाकर फॉगिंग कर रहे हैं। अलग-अलग वार्ड का शेड्यूल बनाया है।

## ऑल इंडिया आदि धर्म मिशन का आदि निशान साहिब विधिवत रूप से स्थापित

- संत रामेश्वर दास मिश्रा को आयोजकों की ओर से किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। मुख्य अतिथि संत रामेश्वर दास मिश्रा को सिरोपा पहनाकर सम्मानित करते पदाधिकारी।

गांव अधोया (हिंदूवान) स्थित सतगुरु रविदास मंदिर में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता मंदिर कमेटी के प्रधान माया राम ने की। कार्यक्रम में ऑल इंडिया आदि धर्म मिशन का 'आदि निशान साहिब' विधिवत रूप से स्थापित किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य अतिथि संत रामेश्वर दास मिश्रा ने शिरकत की। संत दातू राम (मलिकपुर), संत पृथ्वीराज मस्ताना (दोसड़का), संत नसीब राम (बराड़ा), महासचिव शिव कुमार रौंटा, रणजीत आहलूवाला, की अगुवाई में 'आदि निशान साहिब' की स्थापना की गई। मुख्य अतिथि संत रामेश्वर दास ने इस दौरान उपस्थित साध-संगत को ऑल इंडिया आदि धर्म मिशन के इतिहास और उद्देश्य की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाबा मंगू राम मंगूवालिया ने 11-12 जून 1926 को 6743 जातियों को एकत्रित कर 'आदि धर्म मंडल' की स्थापना की थी। बाबू बंता राम घेडा ने 1964 में सतगुरु रविदास जन्मस्थली, सीर गोवर्धनपुर तथा 1983 में प्रचारक सोहन लाल के साथ मिलकर खुरालगढ़ साहिब और अन्य कई धार्मिक स्थलों की खोज की थी।

### खगोल विज्ञान ओलंपियाड ओरिएंटेशन कम सिलेक्शन कैंप का आयोजन



**मोहाली।** राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के माध्यम से चुने गए प्रतिभाशाली छात्रों को प्रशिक्षित करने और उनका मूल्यांकन करने के उद्देश्य से आईआईएसईआर मोहाली में खगोल विज्ञान ओलंपियाड ओरिएंटेशन कम सिलेक्शन कैंप (ओसीएससी) 2025 आयोजित किया गया। भारतीय राष्ट्रीय खगोल विज्ञान ओलंपियाड के माध्यम से चुने गए इन छात्रों ने दो समूहों में लगभग 500 प्रतिभागियों में से शीर्ष प्रदर्शन करने वालों का प्रतिनिधित्व किया: ग्रुप ए (कक्षा 12) और ग्रुप बी (कक्षा 10 या 11), जिनका चयन रैंक और विषय वरीयता के आधार पर किया गया। शिविर के लिए चुने गए 54 छात्रों में से भारत के विभिन्न हिस्सों से 37 ने ओसीएससी में भाग लिया। गहन प्रशिक्षण और मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद, अगस्त में मुंबई में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी ओलंपियाड 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पांच छात्रों की एक अंतिम टीम का चयन किया गया। ओसीएससी में व्याख्यान, ट्यूटोरियल, दूरबीन संचालन सत्र और आकाश अवलोकन गतिविधियां शामिल थीं। हालांकि शिविर आमतौर पर होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र (एचबीसीएसई-टीआईएफआर) द्वारा आयोजित किया जाता है।

## छात्रों को चार नए कोर्स में मिलेगा दाखिला अब 16 तक कर पाएंगे ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

राजकीय महाविद्यालय में इस सत्र से विद्यार्थी चार नए कोर्स पढ़ेंगे। कॉलेज में स्नातक स्तर पर बीए, बीकॉम, बीसीए, बीबीए, बीए मेजर विद इंग्लिश कोर्स सहित अन्य में आवेदन मांगे जा रहे हैं। कॉलेज में इस शैक्षणिक सत्र से स्नातक में बीबीए, बीए मेजर विद अंग्रेजी और स्नातकोत्तर में एमएससी कंप्यूटर साइंस और एमए राजनीति शास्त्र जैसे कोर्स प्रारंभ होंगे। इसके साथ ही बीए और बीकॉम जैसे परंपरागत कोर्स में भी अभ्यर्थियों का रुझान देखने को मिल रहा है। जिले के सभी अभ्यर्थी अब 16 जून तक कॉलेजों में ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने तारीख बढ़ा दी है। कॉलेज में पहले सीट की संख्या कम थी। अब नए कोर्स जुड़ने से सीट की संख्या में बढ़ोतरी हो गई है। इस बार स्नातक स्तर पर 6 कोर्स में 1030 सीट पर दाखिला किया जाएगा। दाखिले के लिए नए कोर्स जुड़ने से अभ्यर्थी भी आवेदन के लिए पहुंच रहे हैं। साथ ही अभ्यर्थियों के फार्म भी सत्यापित किए जा रहे हैं।

#### स्नातक में इन कोर्स में होंगे दाखिला

| कोर्स | सीट |
|---|---|
| बीए | 450 |
| बीकॉम | 240 |
| बीए विद मेजर इन अंग्रेजी | 40 |
| बीबीए | 80 |
| बीसीए | 80 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 140 |

#### चार नए कोर्स होगें शुरू

*कॉलेज में इस बार चार नए कोर्स शुरू होंगे। स्नातक स्तर पर दो नए कोर्स में आवेदन मांगे जा रहे हैं। सभी कोर्स में सीट के मुकाबले आवेदन पहुंच रहे हैं। अभ्यर्थियों में दाखिले को लेकर काफी रुझान हैं।*
***-डॉ. खुशीला, प्राचार्या, राजकीय महाविद्यालय***



## चंडीगढ़ पोस्ट ऑफिस में इंटरनेशनल पार्सल के लिए ऑन-स्पॉट कस्टम्स क्लीयरेंस शुरू

चंडीगढ़। डाक विभाग अभिनव समाधान पेश करके और उन्नत तकनीकों को अपनाकर अपनी सेवा क्षमताओं का विस्तार कर रहा है, जिससे देश के हर कोने तक इसकी पहुंच बढ़ रही है। अपने वैश्विक सेवा नेटवर्क के हिस्से के रूप में, अंतर्राष्ट्रीय पार्सल डिलीवरी वर्तमान में दुनिया भर के 219 देशों और क्षेत्रों में उपलब्ध है। विभिन्न सरकारी विभागों के साथ साझेदारी को मजबूत करने और परिचालन दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, सेक्टर-17 स्थित चंडीगढ़ जनरल पोस्ट ऑफिस (जीपीओ) ने बुक किए गए अंतर्राष्ट्रीय पार्सलों के लिए ऑन-स्पॉट कस्टम्स क्लीयरेंस की सुविधा शुरू की है। अब तक यह प्रक्रिया नई दिल्ली के माध्यम से होती थी, जिससे अक्सर विलंब होता था। लेकिन अब चंडीगढ़ जीपीओ में विदेशी डाकघर की स्थापना के साथ, क्लीयरेंस प्रक्रिया तेज, सरल और अधिक सुविधाजनक हो गई है, जिससे त्वरित वितरण और बेहतर ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित होती है।



नारायणगढ़। विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में योग की रिहर्सल करते साधक।

### योग दिवस के उपलक्ष्य में साधकों ने की रिहर्सल

**नारायणगढ़।** नागरिक अस्पताल में एसएमओ डॉक्टर प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में विश्व योग दिवस 21 जून के उपलक्ष में योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में काफी संख्या में योग साधकों ने लाभ उठाया। जिसमें योग सहायक मोहित, नरेंद्र व मनोज कुमार औषध कारक आयुष विभाग ने विभिन्न योगासनों व प्राणायाम का अभ्यास कराया व योग से होने वाले स्वास्थ्य लाभ से अवगत कराया। योग एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। एसएमओ डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि योग शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है जिससे योग आसन शारीरिक लचीलापन और मजबूती बढ़ाते हैं। योग के नियमित अभ्यास से वजन नियंत्रित करने में मदद मिलती है। योग कई बीमारियों जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग से बचाव में मदद करता है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी योग लाभदायक है। योग से तनाव, चिंता कम होती है एकाग्रता, स्मृति व नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है।

### नागरिक अस्पताल में विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में की गई योग की रिहर्सल

# फिट रहने के लिए योग को करें अपने जीवन में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। योग करते साधक।

स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. मनीष बंसल ने कहा कि योग हमारी प्राचीन पद्धति है। योग को हम अपनी दिनचर्या में शामिल करके अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। योग करके हम अनावश्यक बीमारियों के साथ-साथ तनाव से भी बच सकते हैं। निदेशक डॉ. मनीष बंसल ने यह अभिव्यक्ति बुधवार को नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत आयोजित सामान्य योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यशाला में बतौर मुख्यअतिथि अपने संबोधन में कहीं। इससे पहले निदेशक डॉ. मनीष बंसल, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा व विधानसभा संयोजक रितेश गोयल का यहां पहुंचने पर सिविल सर्जन डॉ राकेश सहल ने पर्यावरण का प्रतीक पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर आयुष विभाग से आए योग प्रशिक्षकों ने योग की विभिन्न क्रियाएं करवाते हुए योग की महत्वता बारे लोगों को जागरूक करने का काम किया हैं। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. मनीष बंसल ने इस मौके पर बताया कि 21 जून को सारे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाता हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज पूरे प्रदेश के नागरिक अस्पतालों में प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से कार्यक्रम किया गया हैं। जिसमें स्वास्थ्य कर्मी, सिविलियन के साथ-साथ अन्य ने शामिल होकर कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया हैं। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि योग हमारी वेव ऑफ लाइफ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में योग की महत्वता बारे जागरूकता बढ़ी है।

#### मरीजों की सुविधाओं का लिया जायजा

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने भी योग की महत्वता बारे बताया कि योग करके हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग हैं। निदेशक मनीष बंसल ने कार्यक्रम के उपरान्त नागरिक अस्पताल शहर में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सामान्य वार्ड, एनसीआर वार्ड, कन्विक्ट वार्ड, जन औषधि केंद्र, आपातकालीन वार्ड, आईसीओ, सीटी स्कैन का जायजा लिया। यहां पर मरीजों की दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं पर संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने यह भी कहा कि हमें मरीजों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध करवानी हैं। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शशिकांत शर्मा, पीएमओ डॉ. रेनू बेरी पजनी, डीएमएस डॉ. पवनीश अग्रवाल, डॉ. हितार्थ, आरएमओ डॉ. अदिति गौतम, डॉ. विजय वर्मा, डॉ. सुनील हरी, योग प्रशिक्षक विशाल वर्मा, शैफाली, गुरविंद्र सिंह मानकपुर भी मौजूद रहे।